हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

इंडिया AI इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहा है। आज सम्मेलन के 5वें दिन, लीडर्स डिक्लेरेशन अपनाया जाएगा, जिसमें मिलकर की गई प्रतिबद्धताओं को पक्का किया जाएगा और ग्लोबल AI गवर्नेंस और सहयोग के लिए एक साझा रोड मैप बनाया जाएगा। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समिट में व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज सम्मेलन की भी अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि व्यापार जगत के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के सम्मेलन में एआई, प्रौद्योगिकी और नवाचार जगत के विभिन्न हितधारक एक साथ आए। उन्होंने इस दौरान हुई चर्चाओं को ज्ञानवर्धक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें जिम्मेदारी के साथ एआई के विस्तार, वैश्विक सहयोग की मजबूती और विकास के अवसरों को खोलने पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव प्रगति और सतत विकास के लिए एआई का उपयोग करने की साझा प्रतिबद्धता को देखकर खुशी हुई।

ये समिट जिस भारत में हो रही है वो भारत वन सिक्स ऑफ ह्यूमेनिटी प्रेजेंट करता है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी का देश है। सबसे बड़े टैक टैलेंट पूल का केन्द्र है। सबसे बड़े टैक एनेबल इकोसिस्टम का उदाहरण है। भारत नई टेक्नोलोजी बनाता भी है और उसे अभूतपूर्व तेजी से अपनाता भी है। इस समिट का भारत में होना भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा हेतु कल मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जनगणना प्रक्रिया पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस दौरान जनगणना संचालन निदेशक द्वारा भी जनगणना बारे विस्तृत प्रस्तुति दी गई।मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना एक व्यापक एवं जटिल प्रक्रिया है, क्योंकि प्रत्येक नागरिक को इसमें सम्मिलित करना अनिवार्य है और प्रत्येक कार्मिक की भूमिका इसकी सटीकता एवं दक्षता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण एवं संचालन संबंधी दिशानिर्देशों को भली-भांति समझें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। चंडीगढ़ को 10 जनगणना चार्ज में बांटा गया है।जनगणना के लिए चंडीगढ़ में लगभग 2,800 कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संचालित होगी, जिसके लिए जनगणना प्रबंधन निगरानी प्रणाली-CMMS तथा एचएलबी क्रिएटर ऐप का उपयोग किया जाएगा।

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पशुओं के पॉलिक्लिनिक एवं अस्पतालों के लिए आधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी ताकि पशुपालकों के पशुधन का सस्ते में इलाज हो सके। उन्होंने बताया कि कल उच्च अधिकार प्राप्त क्रय समिति में गैस एनेस्थीसिया मशीन , अल्ट्रासाउंड मशीन, रक्त जांच उपकरण तथा "लेवल – दो बायोसेफ्टी लैब्स " स्थापित करने को मंजूरी दी गई है।पशुपालन मंत्री ने बताया कि पॉलीक्लिनिकों में गैस एनेस्थीसिया मशीन होने से डॉक्टरों को पशुओं की सर्जरी करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि पशुओं की सर्जरी में गैस एनेस्थीसिया मशीन, टीके की तुलना में अधिक सुरक्षित है, जो सटीक खुराक, तेज़ रिकवरी और बेहतर नियंत्रण प्रदान करती है। यह ऑक्सीजन के साथ मिलकर काम करती है, जिससे पशुओं के हृदय और अन्य अंगों पर दबाव कम पड़ता है। यह प्रणाली दर्द प्रबंधन और छोटे-बड़े जानवरों के लिए अत्यंत विश्वसनीय है। उन्होंने आगे बताया कि हिसार , रायपुररानी तथा सोनीपत में " लेवल दो बायो सेफ्टी लैब्स " स्थापित की जाएंगी। पशुओं में मध्यम जोखिम वाली बीमारियों की जांच के लिए उक्त लैब का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन लैब में पशुओं से इंसानों में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की जांच की जाती है ताकि इंसान बीमार पशुओं के सम्पर्क में आकर संक्रमित न हों और वे सुरक्षित रह सकें। श्री श्याम सिंह राणा ने यह भी बताया कि पशुओं के ईलाज के लिए अल्ट्रासाउंड मशीने भी खरीदी जाएंगी, ताकि पालतू जानवरों से लेकर पशुधन में ट्यूमर, पेट की बीमारियों और प्रजनन संबंधी समस्याओं का सही पता लगाने में सहायक है।उन्होंने यह भी बताया कि बीमार पशु के खून की जांच की सुविधा हिसार में लुवास में ही उपलब्ध थी। अब सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा मिलने से आसानी होगी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भारत रणभूमि दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कारगिल युद्ध के योद्धाओं तथा वीर नारियों को सम्मानित किया।